▼ ब्रीफ खबरें

## नीतीश को पता नहीं कि किस पार्टी से हैं: झामुमो

**रांची।** झामुमो ने शनिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भरोसेमंद नहीं . कहा कि जदयू प्रमुख खुद नहीं जानते कि वह किस पार्टी से हैं. झामुमो महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बिहार में राजनीतिक उथल-पुथल पर कहा कि विपक्षी समूह द्वारा नीतीश कुमार के बारे में विश्वास की कमी के कारण उनको इंडी गठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया. बिहार के मुख्यमंत्री के फिर से राजग में लौटने के कयासों पर भट्टाचार्य ने कहा कि नीतीश कुमार को खुद नहीं पता कि वह किस पार्टी से जुड़े हैं. वह न तो अपनी पार्टी के हैं और न ही किसी अन्य के.

## कल एचईसी क्षेत्र में किया बंद का आह्वान

**रांची।** एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने 29 जनवरी को एचईसी परिसर बंद का आह्वान किया है. बकाया वेतन भुगतान, अस्थायी कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्युअल जैसी मांगों को लेकर बंद बुलाया गया है. शनिवार को एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने लालदेव सिंह की अध्यक्षता बैठक की. इसमें एचईसी परिसर बंद कराने को लेकर रणनीति बनी. बैठक में कहा गया कि 29 जनवरी को पूरे एचईसी क्षेत्र को बंद किया जाएगा. बंद को सफल बनाने के लिए रविवार सुबह सेक्टर तीन गोलचक्कर मैदान से विशाल जुलूस निकाला जाएगा.

## रिम्स में शुरू होगी सहायता प्रणाली

**रांची।** रिम्स में बिना किसी अभिभावक या रिश्तेदार के आने वाले मरीजों के लिए झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन तीन देखभाल दाताओं के साथ सहायता प्रणाली शुरु करने जा रहा है. यह दाता इलाज करने वाले अस्पताल की नर्सों की देखरेख में मौखिक दवा देंगे और इलाज करने वाले अस्पताल की नर्सों की देखरेख में उपचार के प्रयोजनों के लिए रिम्स के अंदर उपचार, जांच, दवा की सुविधा प्रदान करेंगे. फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल गुप्ता और सचिव अतुल गेरा ने डॉ. रश्मि सिंह, एचओडी, रेडियोलॉजी और ऑन्कोलॉजी की उपस्थिति में 3 साल के लिए अधीक्षक रिम्स डॉ. हिरेन बिरुआ के साथ एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया.

### शक्ति वंदन कार्यक्रम को लेकर भाजपा की राज्यस्तरीय कार्यशाला

# पीएम ने बढ़ाया महिलाओं का सम्मान व स्वाभिमान : बाबूलाल

प्रमुख संवाददाता। रांची

चुनाव से पहले महिला वोटरों से संपर्क साधने के लिए भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम चला रही है. इसे लेकर पार्टी की ओर से रांची के हरमू स्थित पटेल धर्मशाला में राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी. कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है. केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई प्रकार की विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं. इन योजनाओं का सीधा लाभ महिलाओं तक पहुंचे, इसके लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है.



### 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य : लाजवंती

शक्ति वंदन अभियान की राष्ट्रीय प्रभारी सह बिहार की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा ने कहा कि 2024 में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए इस अभियान में तेजी से कार्य करना है . झा ने कहा कि इस अभियान के तहत देश भर की 10 करोड़ महिलाओं तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है .

### 30 लाख बहनों से मिलना है : नवीन जायसवाल

कार्यक्रम की प्रदेश प्रभारी एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा 30 लाख स्वयं सहायता समूह की बहनों से मिलना है और उनको पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताना है . कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, नीलम यादव, मंजूलता दुबे, सीमा सिंह, रेणुका मुर्मू आदि थीं .

## वनवासी कल्याण केंद्र ने मनाया नारी शक्ति दिवस

**रांची।** वनवासी कल्याण केंद्र की रांची महिला समिति के तत्वावधान में नारी शक्ति दिवस मनाया गया. नागा आध्यात्मिक एवं राजनीतिक नेत्री रानी मां गाइदिन्ल्यू की जन्म तिथि 26 जनवरी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सम्पूर्ण भारत में नारी शक्ति दिवस मनाया जाता है. इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रतिभा गोयल, राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत प्रचार प्रमुख जिज्ञासा ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए रानी मां गाइदिनल्यू ने नागालैंड में क्रांतिकारी आंदोलन चलाया था.

# सीबीएसई शिक्षकों का क्षमतावर्धन

संवाददाता। रांची

डीएवी हेहल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पटना के तत्वावधान में दो दिवसीय 'शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला' का आगाज हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई. राज्य के विभिन्न विद्यालयों से आए 55 शिक्षकों को 10 वर्गों में बांट कर प्रशिक्षण दिया गया. इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन्स के. नागाराजू, प्राचार्य, मधुसूदन पब्लिक स्कूल चक्रधरपुर व रंजन शर्मा (पीजीटी, कम्प्यूटर साइंस) ग्रीनफील्ड एकेडमी, चंदवा का पौधा देकर स्वागत किया.

प्रथम सत्र में के. नागाराजू ने बताया कि जब विद्यार्थी स्वयं करके सीखता है, तो वह अर्जित ज्ञान को स्थाई रख पाता है तथा अर्जित ज्ञान को उपयोग में लाने में भी सक्षम होता है . वहीं द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक रंजन शर्मा ने बताया कि अनुभवात्मक सीखने की प्रक्रिया के दौरान, छात्र सक्रिय रूप से प्रश्न पूछने, जांच करने, प्रयोग करने, जिज्ञासु होने, समस्याओं को हल करने, जिम्मेदारी संभालने, रचनात्मक होने और अर्थ निर्माण करने में सक्रिय रहता है. इस दौरान छात्र बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक, आत्मिक या शारीरिक रूप से जुड़े रहते हैं.

## दक्षिणी छोटानागपुर शाखा का पुनर्गठन

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, रांची की राज्य कार्यकारिणी ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय शाखा का पुनर्गठन किया गया है. प्रमंडलीय अध्यक्ष रामानुज शर्मा, लुथरन हाईस्कूल गुमला, उपाध्यक्ष ज्योति कंडुलना, जीईएल उच्च विद्यालय खुंटी, सचिव कुर्बान अली, आजाद हाईस्कूल रांची, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, लोहरदगा और सदस्यों में मुनव्वर हुसैन, अरुण कुमार सिन्हा, दानिश अब्दुल्ला, महावीर मिश्र व सुनीला रोजी बाखला को चुना गया.
















# इजहार की रिमांड पूरी, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

संवाददाता। रांची

कोल लिंकेज का 86568 टन कोयला मंडी में बेच कर करोड़ों की अवैध कमाई करने के आरोपी व हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की रिमांड पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. शनिवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने इजहार अंसारी को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में प्रस्तुत किया गया. यहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

### दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है ईडी

बता दें कि ईडी अब तक इजहार को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है . इसमें कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं . कोल लिंकेज से जुड़े मामले को लेकर ईडी ने 16 जनवरी को इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी . छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था .

# देश को रोशन कर रहा एनटीपीसी

संवाददाता। रांची

एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिमेष जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, कोयला खनन ने तिरंगा झंडा फहराया. इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि एनटीपीसी 73,874 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ देश को रोशन कर रहा है.

**इस वित्तीय वर्ष में 28.5 एमएमटी कोयला प्रेषण :** एनटीपीसी हर चौथे बल्ब को जलाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है. इस वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी-एनएमएल ने 27.5 एमएमटी का रिकॉर्ड कोयला उत्पादन किया है. साल-दर-साल 65% की वृद्धि दर्ज की है. इस वित्तीय वर्ष में 28.5 एमएमटी कोयला प्रेषण किया है.

### बादाम खनन परियोजना शुरू होगा कोयला उत्पादन

अनिमेष जैन ने कहा कि केरेडारी कोयला खनन परियोजना से कोयला उत्पादन इस साल 25 जनवरी से शुरू हुआ है . इसके साथ ही यह परियोजना एनटीपीसी को ईंधन देने के लिए कोयला उत्पादन करने वाली एनटीपीसी की 5वीं कोयला खदान बन गयी . उन्होंने कहा कि बादाम कोयला खनन परियोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन शुरू कर देगी . उन्होंने कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए बधाई दी . सीईओ, एनएमएल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने कहा कि एनटीपीसी का लक्ष्य इस साल एनटीपीसी के 50 साल पूरे होने से पहले 50 एमएमटी हासिल करना है .

# पुलिस ने चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

दशम थाना क्षेत्र के नवाडीह में 16 जनवरी को शिवम बस में हुए लूटकांड हुई थी. इस मामले में रांची पुलिस ने कुख्यात अपराधी सद्दाम, नसीर सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 10 लाख रुपए से ज्यादा नगद भी बरामद किया है. रांची पुलिस गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर रही है. बता दें कि पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि लोहरदगा और गुमला के अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था.

शिवम बस लूटकांड



### पहले से ही बस में सवार थे सभी अपराधी

बता दें कि अपराधी तीनों सब्जी कारोबारियों की लगातार रेकी कर रहे थे . लूट की घटना को अंजाम देने के लिए ही वह पहले से ही बस में सवार होकर यात्री के रूप में बैठे थे . रांची-टाटा हाइवे पर जब सुनसान स्थान मिला, तो उन्होंने हथियार के बल पर बस को अपने कब्जे में लेकर कारोबारियों से पैसे लूट कर फरार हो गये .

**क्या है मामला :** गौरतलब है कि बीते 16 जनवरी को कोलकाता से रांची आ रही बस में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था. अपराधियों ने हथियार के बल पर बस में बैठे तीन सब्जी व्यापारियों से 18 लाख लूट लिये थे. शिवम बस 15 जनवरी की रात कोलकाता से रांची आ रही थी. 16 जनवरी की सुबह बस जैसे ही रांची के दशम थाना क्षेत्र स्थित रांची टाटा हाइवे के नवाडीह के पास पहुंची. वैसे ही बस के अंदर ही बैठे अपराधियों ने हथियार के बल पर बस को अपने कब्जे में ले लिया. अपराधियों ने बस में बैठे तीन सब्जी कारोबारी से पैसे भरे बैग लूट लिये. लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी पैदल ही बस से उतरकर फरार हो गये थे.

## दो फरवरी को झारखंड में न्याय यात्रा का प्रवेश

**रांची।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी. राहुल गांधी राज्य के पाकुड़ जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे. झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि यात्रा दो चरणों में होगी, जिसमें आठ दिनों की अवधि में 13 जिलों में 804 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. ठाकुर ने कहा, झारखंड में यात्रा की तारीखें तय हो गयी हैं. यह दो फरवरी को पाकुड़ जिले से राज्य में प्रवेश करेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी की सभाएं और रैलियां कहां-कहां होंगी, इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी.























































## न्यूज अपडेट

### श्रीश्याम भंडारे में परोसा गया स्वादिष्ट व्यंजन

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को 97वां भंडारा चलाया गया. इसमें बड़ी संख्या में कताबद्ध श्रद्धालुओं के बीच इडली, चटनी, उपमा आदि स्वादिष्ट व्यंजन प्रसाद रूप में परोसे गये. इससे पूर्व श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनौली के सान्निध्य में भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वितरण किया गया.

### साहिल कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस के बने विजेता

**रांची।** बंगाल टेनिस एसोसिएशन एवं साउथ क्लब कोलकाता ज्ञ्द्वारा आयोजित कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप 2024 के पुरुष वर्ग का खिताब झारखंड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने हासिल किया है. फाइनल मुकाबले में साहिल ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के आयुष गोराई को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम किया.

### रांची विवि के डीएसडब्ल्यू की अनोखी पहल

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू (डीन ऑफ स्टूडेंट वेल्फेयर) डॉ. सुदेश कुमार साहु ने समस्या लेकर आये छात्रों के लिए अनोखी पहल की है. डॉ. सुदेश कुमार साहु ने रांची विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स की समस्याओं का समाधान करने का तरीका बदल दिया है. उन्होंने समस्या लेकर आये स्टूडेंट्स के लिए खुद की कुर्सी को रिजर्व रखा है.

### कमजोर 155 परिवारों के बीच बांटे गये कंबल

**रांची।** संत सदानंद जी के अनुयायियों ने गणतंत्र दिवस के मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर 155 परिवारों के बीच कंबल और ऊनी वस्त्र आदि का वितरण किया. अल्पाहार भी भेंट स्वरूप दिये. शनिवार को रातु प्रखंड के टेंडर गांव और हेहल के पाहन टोली, मुंडा टोली, पहाड़ टोली आदि में सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले सेवा कार्य किये गये.

### गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में सजा दीवान

**रांची।** गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, कमड़े में शुक्रवार को दशमेश पिता श्रीगुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया गया. साथ ही गणतंत्र दिवस के साथ स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना. सुबह आठ बजे झंडोत्तोलन के बाद स्कूल के बच्चों द्वारा बैंड के साथ मार्च पास्ट और देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गये.

### बाबा दीप सिंह जी का जन्म दिवस मनाया गया

**रांची।** गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर, स्त्री सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में शनिवार को बाबा दीप सिंह जी का जन्म दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया. सुबह छह बजे विशेष दीवान सजाया गया. संगत ने सामूहिक रूप से श्रीचौपहरा साहिब जी का पाठ किया. दिन के दस बजे दीवान की समाप्ति श्रीअनंद साहिब जी के पाठ, अरदास और हुकुमनामा से हुई.

### संत थॉमस स्कूल में दसवीं के छात्रों को मिला फेयरवेल

**रांची।** संत थॉमस स्कूल, धुर्वा के प्रेक्षागृह में शनिवार को दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. छात्र अमन गढ़वाल और छात्रा सुदीक्षा सिंह ने अपने अनुभव किए. इस अवसर पर दसवीं कक्षा के सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में रौनक श्रीवास्तव और सर्वश्रेष्ठ छात्रा के रूप में अन्वेशा साबू तथा लक्षित तिर्की और मिस सुदीक्षा सिंह के नाम घोषित किए गए.

### टेंडर हार्ट स्कूल में किलकारी का धूमधाम से आयोजित

**रांची।** तुपुदाना स्थित टेंडर हार्ट स्कूल में चतुर्थ कक्षा का वार्षिकोत्सव किलकारी का धूमधाम से आयोजन हुआ. विद्यालय के सभागार रंगायन में आयोजित कार्यक्रम में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के बीपीडी विभाग के सीईओ सिद्धार्थ जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. इसके माध्यम से बच्चों ने मानव जीवन के हास्य रस, श्रृंगार रस, वीर रस समेत सभी मनोभावों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया. साथ ही छात्रों ने रामायण को एक लघु नाट्य के माध्यम से प्रदर्शित कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया.

## सातदिवसीय 'रचनात्मक लेखन कार्यशाला' में साहित्यकार रविभूषण बोले

# सृजन का संवेदनाओं से सीधा संबंध

**संवाददाता। रांची**



वरिष्ठ साहित्यकार और आलोचक रविभूषण ने कहा कि सृजन के क्षेत्र का सीधा संबंध हमारी संवेदनाओं से है. आज पूरी दुनिया में विध्वंसात्मक शक्तियों के द्वारा रचनात्मक मानस और संवेदना पर आक्रमण किया जा रहा है।आज मानव मस्तिष्क को कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है. डॉ. रविभूषण शनिवार को मोरहाबादी ि◌स्थत डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में प्रारंभ सात दिवसीय 'रचनात्मक लेखन कार्यशाला' के उद्घाटन समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे. कार्यशाला का उद्घाटन विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पारंपरिक रूप से नगाड़ा बजाकर किया गया, जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का भाप्रसे शामिल थे.

इस कार्यशाला का उद्देश्य झारखण्ड राज्य के आदिवासी युवाओं में रचनात्मक लेखन का विकास करना है, ताकि वे आने वाले समय में अपनी रचनात्मकता से सिनेमा और साहित्य के क्षेत्र में झारखण्ड का नाम रौशन कर सके. इसका पहला चरण जून 2023 में किया गया था, उपर्युक्त कार्यशाला उसी कड़ी का दूसरा चरण है. कार्यशाला में देशभर के कई जाने माने लेखक और फिल्मकार को शिक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है जो साहित्य, सिनेमा तथा अनुवाद की बारीकियों पर छात्रों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें आने वाले समय में बेहतरीन लेखक और फिल्मकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे.

पहले दिन के सत्र की शुरुआत में डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर टूटी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखण्ड में नए लेखकों की पीढ़ी तैयार करना है. वरिष्ठ साहित्यकार राकेश कुमार सिंह ने कहा कि हर विद्या अपने आपमें अनोखी है,झारखण्ड के लेखन प्रेमी छात्रों के बीच ऐसा आयोजन करके उन्हें लेखन के क्षेत्र में प्रशिक्षण देना वाकई कबीले तारीफ है।उन्होंने छात्रों को उपन्यास लेखन की बारीकियां बताई. फिल्म निर्देशक और पत्रकार अविनाश दास ने कहा जो लेखक होते हैं और जो लिखने की चाह वाले लोग होते हैं उनका ऐसे आयोजन में मिलना दो दुनिया का आपस में मिलना है. दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलियन आदिवासी फिल्म चार्लीज कंट्री और फ्रेंच फिल्म कैपिटल के ट्रेलर दिखाए गये. इसके बाद उन्होंने इन फिल्मों की कहानी,निर्देशन और सिनेमा की तकनीकी बारीकियों पर छात्रों से गहनता पूर्वक चर्चा की।

# स्कूलों में गणतंत्र दिवस की धूम रही

**संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया. विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने ध्वजारोहण किया. विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा. इसके बाद सांस्कृतिक समारोह की शुरुआत शिक्षा का महत्व नामक मंत्रमुग्ध कर देने वाले समूह नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई. इसमें राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में शिक्षा के महत्व को दर्शाया गया. छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. आठवीं कक्षा की छात्रा वैष्णवी वृंदा द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण एकल गीत, सौ रागनियों से सजा भारत.. ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया. तीसरी कक्षा के छात्रों ने नया भारत नामक भावपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें भविष्य की कल्पना करते हुए न्याय, समानता और प्रगति का संदेश दिया गया.

### एसआर डीएवी पुंदाग के छात्र रहे देशभक्ति में सराबोर

एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में 75वें गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य एस के मिश्र ने झंडोत्तोलन किया. विद्यालय के एलकेजी तथा यूकेजी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न राज्यों के परिधान पहनकर लोगों को एकता का संदेश दिया. छठी तथा सप्तम कक्षा की छात्राएं शिवांगी और ऋतिका ने संविधान निर्माता बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया. कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने सीमा पर तैनात वीर जवानों की वीरता को दर्शाते हुए शानदार नृत्य नाटिका प्रस्तुत की.

### टेंडर हार्ट में छऊ नृत्य के साथ गणतंत्र दिवस का आयोजन

टेंडर हार्ट स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया. विद्यालय के वाईस चेयरमैन वेदान्त तिवारी ने प्रात: 9 बजे झंडोत्तोलन किया. एनसीसी बटालियन द्वारा मार्च पास्ट कर तिरंगें को सलामी दी गयी. इस अवसर पर झारखंड का लोकप्रिय छऊ नृत्य का आयोजन किया गया. विश्व प्रसिद्ध छऊ कलाकार पद्मश्री तारापद रजक के नेतृत्व में उनकी टीम ने महिषासुर मर्दनी की शानदार प्रस्तुति दी.

### सुरेन्द्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में शान से फहराया गया तिरंगा

सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ. प्राचार्या समिता सिन्हा ने तिरंगा फहराकर ध्वजारोहण किया. इसके बाद राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी. सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नृत्य, संगीत, भाषण और नाटक का शानदार मिश्रण प्रस्तुत किया. स्कूल की प्राचार्या समिता सिन्हा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें देश के सम्मान और अखंडता को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया.

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल व कैंब्रियन स्कूल तिरंगा लहराया

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया. छात्रों ने स्वतंत्रता और एकता की भावना को व्यक्त करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत कर गौरव का अनुभव किया. विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा और प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरुआत हुई.

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आनंदमयी सिंह ने राष्ट्र ध्वज फहराया. बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के उन देशों में है जहां ज्ञान, विज्ञान ,अध्यात्म और अपनत्व को सदैव सर्वोपरि माना गया है. भारत को दुनिया विश्व गुरु के रूप में देखती है. प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक भारतवासी अपने संकल्पों की सिद्धि के लिए सतत प्रयासरत रहना होगा.

### गणतंत्र दिवस पर तिरंगे से सजा पहाड़ी मंदिर



शिव भक्ति के साथ पहाड़ी मंदिर पर इस वर्ष भी देश भक्ति की ऐसी झलक मिली.

### बहावलपुरी समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



बहावलपुरी समाज के सदस्यों ने शनिवार को फहराया तिरंगा, गाया राष्ट्रीय गान

### राजधानी के इमामों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया



गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी के इमामों ने राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान दिया

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने इंद्रपुरी में फहराया तिरंगा



राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा इन्द्रपुरी रोड नं 6 रातू रोड में झंडोत्तोलन किया गया.

### गुरु नानक स्कूल में शिल्प प्रदर्शनी 'सृजन' का आयोजन



गुरु नानक स्कूल में आयोजित शिल्प प्रदर्शनी 'सृजन' शामिल बच्चे और उनके प्रदर्श.














































▼ ब्रीफ खबरें

### झंडोत्तोलन में शामिल हुईं मंत्री जोबा मांझी

**चाईबासा।** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाइन केंद्र परिसर में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया. समारोह में प्रथम पुलिस केंद्र स्थित शहीद स्मारक पर मंत्री सहित प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय लिंडा, एसपी आशुतोष शेखर के द्वारा पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया गया.

### सीएम को सम्मन देने पर झामुमो का मशाल जुलूस

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का 10वां समन भेजे जाने पर झामुमो में खासा आक्रोश है. झामुमो ने इसे ईडी व अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग बताया है. इसे लेकर झामुमो ने शनिवार को जिला मुख्यालय के मुख्य पथ पर मशाल जुलूस निकाला. इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया. जुलूस में स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे. मशाल जुलूस बाजारटांड प्रारंभ हुआ.

### राजद कार्यालय में फहराया गया तिरंगा

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल, जिला कार्यालय में राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने झंडातोलन किया. मौके पर राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह और जिला रंजीत यादव, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला महासचिव कन्हाई पासवान, जिला सचिव राज नारायण गिरि, जिला सचिव नसबोलेन अंसारी, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव और सिकंदर यादव सहित राजद के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### वरीय पत्रकार आशीष टैगोर हुए सम्मानित

**लातेहार।** शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में गणतंत्र दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के 17 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के अलावा स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भाग लिया. अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बेहतर संयोजन व मंच संचालन के लिए शुभम संदेश के वरीय पत्रकार आशीष टैगोर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.

गढ़वा में गणतंत्र दिवस पर पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा-

# विकास के नए अवसर पैदा होंगे

संवाददाता। गढ़वा

75वें गणतंत्र दिवस पर गोविंद हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने झंडोत्तोलन किया. इससे पूर्व मंत्री ने एसपी दीपक कुमार पांडेय के साथ परेड का निरीक्षण किया. झंडोतोलन के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले, झारखंड आंदोलनकारियों आदि को सम्मानित किया.

साथ ही झांकी, परेड आदि में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया. मंत्री ठाकुर ने कहा कि देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए एक संविधान की आवश्यकता थी जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुई. इसी दिन



भारत विश्व का सबसे बड़ा गणतांत्रिक देश बना. इस दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति के लिए 5 करोड़ 72 लाख की लागत से 25 सरना स्थलों की घेराबंदी तथा अल्पसंख्यकों के लिए 18 करोड़ 12 लाख 33 हज़ार की लागत से 88 कब्रिस्तान का घेराबंदी का कार्य किया जा रहा है. अबुआ वीर दिशोम अभियान के तहत राज्य में पहली बार व्यापक स्तर पर आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को उनके दावों के अनुरूप व्यक्तिगत और सामुदायिक वन पट्टा भी उपलब्ध कराया जा रहा है. सदर अस्पताल में 24 करोड़ की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक एवं 25 करोड़ की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गढ़वा बाईपास योजना का कार्य समाप्ति की ओर है. जिसे शीघ्र ही इसे आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा. इसके पूर्ण होने से गढ़वा शहर को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा विकास के नए अवसर पैदा होंगे. मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने चार वर्षों में विकास की लंबी लकीर खींची गई है. उन्होंने कहा कि गढ़वा शहरी क्षेत्र में 12 सड़कों के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है.

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को सजा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बरसोल थाना अंतर्गत सुसनिया गांव निवासी एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में दोषी रवि शंकर खामराई को अदालत ने 20 साल की सजा सुनाई है. इसके अलावा अदालत ने 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है. मामले की सुनवाई करते हुए स्पेशल जज पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश कवलजीत चोपड़ा ने दोषी को सजा सुनाई. इसके पूर्व अदालत ने मंगलवार को रवि शंकर खामराई को दोषी करार दिया था. मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बहस की थी. राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 11 लोगों की गवाही हुई थी. घटना साल 2021 की है. पीड़िता के पिता ने थाना में बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी. मामला दर्ज होने के सात दिनों बाद पुलिस ने पीड़िता को ओडिशा के मयूरभंज से बरामद किया था.







## गांव के विकास के लिए स्कूल और अस्पताल खुलेंगे : जीएम

कमरुल आरफी। बालूमाथ (लातेहार)

सीसीएल द्वारा संचालित एशिया के सबसे बड़े कोल माइंस मगध परियोजना में 75वें गणतंत्र दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये. समारोह का शुभारंभ परियोजना कार्यालय परिसर में परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायणा एवं महाप्रबंधक कार्यालय परिसर, बालूमाथ के चमातू में महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने झंडोतोलन कर किया. महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक भारतीय को उन स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आभारी होना चाहिए, जिन्होंने राष्ट्र की आजादी के लिए संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान दिया.

उन्होंने कहा कि देश के विकास में योगदान देने के लिए सभी को सामूहिक रूप से काम करना चाहिए. कोल इंडिया देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है और भविष्य में भी ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने लगातार प्रयासों से यह सुनिश्चित किया है कि कोयले की कोई कमी नहीं हो. आगे कहा कि आने वाले समय में गांव के विकास के लिए मगध-संघमित्रा क्षेत्र के सहयोग से अस्पताल, स्टेडियम और विद्यालय का भी निर्माण किया जाएगा. विद्यालय में शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए मगध-संघमित्रा क्षेत्र के अधिकारी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए शामिल होंगे. समारोह को खान प्रबंधक मो. अकरम ने सीसीएल के अध्यक्ष-सह सीएमडी का संदेश पढ़कर सुनाया. मौके पर स्कूली छात्रों के द्वारा कई कार्यक्रम किये गये. छात्रों ने देशभक्ति गीत गाये. इसके अलावा नृत्य व नाटकों से लोगों का मन मोहा. सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय उकापनी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आरा तथा आरा के बच्चों ने भाग लिया.

### समाज को समृद्ध बनाता है जतरा : मंगल भोगता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के सेमरा में शुक्रवार को माघ जतरा का आयोजन किया गया. माघ जतरा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने किया. मेला में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि गीत संगीत, जतरा मेला जनजातीय क्षेत्र का सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का हिस्सा है. यह समाज को समृद्ध बनाने और आपसी सौहार्द को मजबूत बनाता है. आयोजन समिति के अध्यक्ष ललकू नगेशिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. राजदेव नायक एवं टीम के द्वारा नागपुरी गीत संगीत व नृत्य की प्रस्तुति देर शाम तक चलता रहा. ठेठ नागपुरी गीत संगीत में कलाकारों ने जहां दिन भर समा बांधे रहा वहीं श्रोता भी देर शाम तक झूमते रहे. पहान पुजार ने ग्राम देवी की पूजा कर मेला का शुभारंभ किया.

## इस वर्ष भी किरीबुरु खदान ने नये कीर्तिमान बनाये : राय

शैलेश सिंह। किरीबुरु

सेल इस देश के महानवरत्न संस्थानों में से एक प्रमुख स्तंभ है, जो इस्पात जैसी मजबूती देने का काम हमेशा से करते आया है और हमारी खदान किरीबुरू, सेल के इस पुनीत कार्य में सदैव तत्परता के साथ बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई है. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किरीबुरू खदान ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं. उक्त बातें किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय ने गणतंत्र दिवस पर जनता को सम्बोधित करते हुए कहा. उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में हमने 34 लाख टन का उत्पादन किया है तथा इस वर्ष का डिस्पैच 33 लाख टन रहा है. यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि सारा उत्पादन गुणवत्ता के मानकों पर खरा है. मुझे आशा है कि इस वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को आप सभी अपनी पूरी क्षमताओं का प्रयोग कर प्राप्त करने में पूरा सहयोग देंगे. मुझे यह बताते हुए भी बेहद खुशी हो रही है कि 2018 से रेलवे के साथ नियमित रुप से प्रयास करने के बाद 25 टन एक्सल लोड क्षमता के रेक के संचालन के लिए किरीबुरु लौह अयस्क खदान के रेलवे साइडिंग के उन्नयन का काम भी 25 जनवरी को पूर्ण हो गया है.

सीजीएम ने कहा कि वर्ष 2023 के 61वें वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान हमने कुल 7 पुरस्कार जीता है. ट्रेड टेस्ट में पांच पुरस्कार जीता. वर्ष 2023-24 में हमने गोल्ड केटेगरी के अंतर्गत कलिंगा सुरक्षा पुरस्कार भी जीता है. उन्होंने कहा कि किरीबुरू के कर्मचारियों के क्वार्टरों के छत पर पीपीजीएल सीट लगाने का काम किया जा रहा है. किरीबुरु टाउनशिप के सभी टूटे हुये सड़को की मरम्मती के कार्य का टेंडर हो चुका है.




## बैद्यनाथ राम ने डीएवी स्कूल में किया झंडोत्तोलन

संवाददाता। लातेहार

गणतंत्र दिवस के मौके पर स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने शहर के जलता ग्राम स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल व अपने आवासीय परिसर में झंडोतोलन किया. मौके पर उन्होंने कहा कि आज के ही दिन हमारा संविधान लागू हुआ था. देश संविधान से ही चलता है और इसका पालन देश के हर एक नागरिक को करना चाहिए. मौके पर प्राचार्य घनश्याम कुमार



सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, सचिव समसूल होदा,अशोक पांडेय, सुदामा प्रसाद गुप्ता और विकास कुमार उपस्थित थे.










### ठगी मामले के आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी तिरुपति इंटरप्राइजेज के आशिष कुमार गुप्ता ने कोलकाता के जेजे स्टील के निदेशक राजीव जजोदिया और संजय कुमार लाडिया ने शनिवार को सीजेएम चंद्रभानु कुमार की अदालत में सरेंडर कर दिया. हालांकि उन्होंने अदालत में जमानत की अर्जी भी दी जिसपर बहस के बाद अदालत ने दोनों को जमानत दे दी. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संजय मिश्रा, झारखंड हाईकोर्ट के पीएएसपति और पार्थो सुर ने पक्ष रखा था. मामले में आशिष ने साल 2022 में बिष्टुपुर थाना में जेजे स्टील के निदेशक के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी. आशिष ने शिकायत में बताया था कि उन्होंने जेजे स्टील से 1.80 करोड़ के सामान खरीदे थे. उन्होंने कंपनी को भुगतान तो किया पर कंपनी ने सामान नहीं भेजा था.









